एक नजर में

जितेश पवार बने खेलकूद शिक्षक

मुलताई। नगरपालिका मुलताई में विद्युत लाइनमेन के पद पर पदस्थ पूर्ण पवार के पुत्र का चयन खेलकूद प्राथमिक शिक्षक के पद चयन हुआ है। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग बैतूल द्वारा उन्हें नियुक्त कर उन्हें शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पुसली में पदस्थ किया है। जितेश पूरनलाल पवार की नियुक्ति पर उनके माता पिता एवं मित्रो ने उन्हें बधाई दी है।

सड़क हादसे में किसान की मौत, एक घायल

बैतूल। बैतूल-इंदौर हाईवे पर खेड़ी के पास शनिवार को हुए एक सड़क हादसे में एक किसान की मौत हो गई। शव की पहचान शंकर लोखंडे (48) के रूप में हुई। वहीं, उनके साथ यात्रा कर रहे मनोज कनाठे (45) गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनकी हालत नाजुक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, शंकर लोखंडे अपनी बेटी से मिलने बैतूल आए थे। उनकी बेटी नोबल अस्पताल में भर्ती थी, जहां हाल ही में उसकी डिलीवरी हुई थी। बेटी और नवजात को देखने के बाद शंकर अपने साथी मनोज कनाठे के साथ आल्टो कार से गोगामा लौट रहे थे। इसी दौरान खेड़ी के पास बैतूल-इंदौर हाईवे पर पीछे से आए एक अज्ञात ट्रक ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में शंकर लोखंडे की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल मनोज कनाठे को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। बताया जा रहा है कि उनके एक पैर ने काम करना बंद कर दिया है, कमर में भी मूवमेंट नहीं है और वे फिलहाल बोल भी नहीं पा रहे हैं। उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया है। अस्पताल पुलिस चौकी ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया। खेड़ी पुलिस चौकी मामले की जांच कर रही है और अज्ञात ट्रक तथा उसके चालक की तलाश में जुटी है।

विश्व स्तनपान सप्ताह का किया शुभारंभ

बैतूल। जिला चिकित्सालय बैतूल के नवीन एमसीएच भवन के एसएनसीयू वार्ड में शनिवार को स्तनपान सप्ताह का शुभारंभ किया गया। सीएमएचओ डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े बताया कि प्रतिवर्ष 1 अगस्त को स्तनपान सप्ताह का शुभारंभ कर 7 अगस्त तक स्तनपान से संबंधित गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। स्तनपान सप्ताह मनाने का उद्देश्य है कि माताएं अपने शिशु को जन्म से ही अपने आंचल से स्तनपान करवायें। बहुत सी माताएं नहीं जानती कि शिशु को छः माह तक शिशु को स्तनपान ही कराना है। इसके अलावा कोई भी ऊपरी आहार नहीं देना है। इस संबंध में जनजारूकता फैलाना है, मां का दूध शिशु का प्रथम टीका होता है। मां का कर्तव्य है कि जितनी जल्दी हो सके शिशु को स्तनपान करायें, शिशु को दोनों आंचल से स्तनपान करायें, मां को ईश्वर ने वरदान दिया है, यह अमृत तुल्य है। यह कई बीमारियों से सुरक्षा करता है। बच्चों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है, रोगों से लड़ने की क्षमता प्रदान करता है, शिशु मृत्यु दर में कमी लाता है, मां के दूध में इतनी शक्ति होती है कि दुनिया में कोई टानिक ऐसा नहीं बना जो मॉ के दूध से अच्छा हो। उन्होंने बताया कि दूसरे बच्चे में कम से कम 4 से 5 साल का अंतर रखना जरूरी है। ऐसी माताऐं जिन्हें स्तनपान कराने मे कोई परेशानी आती है तो उन्हें एएनएम या आशा कार्यकर्ता, सीएचओ से परामर्श ले सकती हैं।

ट्रायबल छात्रावासों में सीटों की कमी से हर साल छात्र रह जाते हैं वंचित

नवभारत न्यूज

बैतूल, 1 अगस्त. जिले में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों, आश्रमों और क्रीड़ा परिसरों में प्रवेश को लेकर सीटों से दोगुने आवेदन आते है, ऐसे में पर्याप्त सीटें उपलब्ध नहीं होने से कई विद्यार्थी प्रवेश से वंचित रह जाते है।

7490 सीटो पर 10 हजार से ज्यादा दावेदार

प्रवेश के अभाव में बच्चों को करने पड़ते है किराये के आवास

अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए हालात और भी खराब हैं। जूनियर बालकों के लिए केवल एक 50 सीटर छात्रावास है, जबकि जूनियर बालिकाओं के लिए एक भी छात्रावास उपलब्ध नहीं है। सीनियर स्तर पर बालक और बालिका वर्ग के नौ-नौ छात्रावास संचालित हैं, जिनमें कुल 1,050 सीटें हैं। महाविद्यालयीन स्तर पर भी बालक और बालिका वर्ग के लिए केवल एक-एक 50सीटर छात्रावास है। वहीं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए छात्रावासों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक है। जूनियर बालक वर्ग के चार 200 सीटर छात्रावास और एक 50 सीटर बालिका छात्रावास संचालित हैं। इसके अलावा करीब 50 सीनियर बालक छात्रावासों में 2,520 सीटें तथा 14 सीनियर बालिका छात्रावासों में 750 सीटें उपलब्ध हैं। महाविद्यालयीन स्तर पर भी बालक और बालिका वर्ग के लिए केवल एक-एक 60 सीटर छात्रावास संचालित है। आंकड़ों को देखने पर व्यवस्था बड़ी दिखाई देती है, लेकिन आवेदनों की संख्या के सामने यह क्षमता भी अपर्याप्त साबित हो रही है। इतनी सीमित व्यवस्था के कारण हर वर्ष बड़ी संख्या में पात्र विद्यार्थी प्रवेश नहीं मिल पाता है।

जिले में 136 छात्रावास, आश्रम और कीड़ा परिसर : विभाग के पास 136 छात्रावास, आश्रम और क्रीड़ा परिसर है, जिनमें कुल 7,490 सीटें हैं, जबकि हर साल 10 हजार से अधिक विद्यार्थी प्रवेश के लिए आवेदन करते हैं यानि करीब ढाई हजार से ज्यादा छात्र केवल सीटों के अभाव में बाहर रह जाते हैं। हालांकि विभाग ने प्रवेश के लिए आर्थिक स्थिति, परीक्षा परिणाम और निर्धारित पात्रता जैसे मापदंड तय किए हैं। छात्रावासों में मेरिट सूची के आधार पर प्रवेश दिया जाता है, लेकिन सीटें सीमित होने से पात्र विद्यार्थी वंचित रह जाते हैं।

वर्षों से नहीं बढ़ी छात्रावासों की क्षमता

जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर सुधारने और ड्रॉपआउट कम करने के उद्देश्य से वर्षों से विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, लेकिन छात्रावासों की क्षमता में उसी अनुपात में वृद्धि नहीं हो सकी। परिणाम यह है कि हर साल हजारों आवेदन आने के बावजूद सीटें नहीं बढ़ रहीं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि छात्रावासों, आश्रमों और महाविद्यालयीन आवासीय सुविधाओं का विस्तार नहीं किया गया तो बड़ी संख्या में आर्थिक रूप से कमजोर और दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होती रहेगी। ऐसे में शिक्षा को बढ़ावा देने और दूर-दराज के आदिवासी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के सरकारी दावों की पोल खुल रही है, वहीं सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब हर वर्ष सीटों की कमी का संकट सामने आता है, तो इसके स्थायी समाधान की दिशा में अब तक ठोस पहल क्यों नहीं हो सकी।

आश्रम व क्रीड़ा परिसरों का भी सीमित दायरा

जिले में 42 आश्रम संचालित हैं, जिनमें जूनियर बालकों के 23 आश्रमों में 1,220 और जूनियर बालिकाओं के 19 आश्रमों में 1,380 सीटें हैं। कुल 2600 सीटों वाले इन आश्रमों के अलावा दो 100-100 सीटों वाले जूनियर क्रीड़ा परिसर संचालित हैं। हैरानी की बात यह है कि जिले में सीनियर छात्र-छात्राओं के लिए न तो कोई क्रीड़ा परिसर है और न ही आश्रम। इसका सीधा असर उन विद्यार्थियों पर पड़ता है जो उच्च कक्षाओं या महाविद्यालयीन शिक्षा के लिए आवासीय सुविधा पर निर्भर हैं। लेकिन आवासीय सुविधा नहीं मिलने और आर्थिक रूप से कमजोर दूरदराज के विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार तो पढ़ाई छोड़ना भी विद्यार्थियों की मजबूरी बन जाता है, क्योंकि उनके पास आवासीय सुविधा उपलब्ध नहीं होती है।

एक ही रात में पांच मंदिरों में चोरी, इलाके में मचा हड़कंप

बैतूल/भैंसदेही। नगर और चिचोलीढाना क्षेत्र में एक ही रात में पांच मंदिरों में चोरी की घटना सामने आने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। अज्ञात चोर ने बेहद शातिर तरीके से वारदात को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि चोरी करने से पहले उसने मंदिरों के आसपास रहने वाले लोगों के घरों के मुख्य दरवाजे बाहर से लॉक कर दिए, ताकि कोई बाहर निकलकर उसे देख या रोक न सके। जानकारी के अनुसार चोर ने भैंसदेही के प्राचीन शिव मंदिर, देवी मंदिर तथा चिचोलीढाना के प्राचीन दुर्गा मंदिर, राधा-कृष्ण मंदिर सहित कुल पांच मंदिरों को

निशाना बनाया। देर रात हुई इस वारदात की जानकारी सुबह तब लगी, जब पुजारी और श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे। मंदिरों में चोरी का पता चलते ही लोगों में नाराजगी फैल गई और क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल से फिंगरप्रिंट और अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए हैं। वहीं पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। प्रारंभिक जांच में एक संदिग्ध व्यक्ति मंदिरों के आसपास घूमता हुआ दिखाई दिया है, जिसके आधार पर उसकी पहचान करने और गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। घटना के बाद मंदिर समितियों के पदाधिकारी और स्थानीय नागरिक थाने पहुंचे तथा अज्ञात आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कर जल्द गिरफ्तारी की मांग की। लोगों का कहना है कि धार्मिक स्थलों में चोरी की घटनाओं से श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हुई हैं और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ी है।

कल से पटवारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

बैतूल। मप्र पटवारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर प्रदेश के समस्त जिलों के पटवारी कल 3 अगस्त से अपनी लंबित एवं न्यायोचित मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे। संघ ने स्पष्ट किया है कि जब तक शासन उनकी मांगों पर ठोस एवं सकारात्मक निर्णय नहीं लेता, तब तक आंदोलन निरंतर जारी रहेगा। इस संबंध में जिला अध्यक्ष मोहनलाल धुर्वे ने बताया कि पटवारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में चरणबद्ध आंदोलन के अंतर्गत काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन, शासकीय व्हाट्सएप समूहों का बहिष्कार तथा ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार किया। शासन द्वारा मांगों पर कोई सार्थक पहल नहीं होने के कारण अब पूरे प्रदेश के पटवारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को मजबूर हैं। हड़ताल से राजस्व विभाग से जुड़े 12 से अधिक ऑनलाइन पोर्टलों एवं अनेक महत्वपूर्ण शासकीय कार्यों पर सीधा प्रभाव पड़ेगा। इनमें ई-टोकन, वेब जीआईएस, रिकॉर्ड अद्यतन, सारा पोर्टल, सारा एप्लिकेशन, एरसीएमएस,सीएम हेल्पलाइन, लघु सिंचाई गणना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, रिकॉर्ड स्कैनिंग, राजस्व वसूली, फार्मर रजिस्ट्रेशन सहित अनेक ऑनलाइन सेवाएं प्रभावित होंगी। इसके अलावा नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, खसरा-खतौनी, गिरदावरी, अतिक्रमण संबंधी कार्य, कब्जा दिलाना, कानून एवं व्यवस्था से जुड़े राजस्व दायित्व तथा अन्य फील्ड एवं कार्यालयीन कार्य भी पूरी तरह ठप होने की संभावना है। पटवारी संघ का कहना है कि वर्तमान में पटवारियों से लगातार नए-नए ऑनलाइन एवं मैदानी कार्य कराए जा रहे हैं, जबकि उनकी वर्षों पुरानी मांगें अब तक लंबित हैं। संघ की प्रमुख मांगों में कैडर रिव्यू लागू करना, लंबित नायब तहसीलदार विभागीय परीक्षा आयोजित करना अन्य मांगे शामिल है।

नपा में दागदार सीएमओ की हो सकती है ताजपोशी

सारनी। जिले की बहु चर्चित नगर पालिका में दागदार छवि के सीएमओ की ताजपोशी की तैयारी चल रही है। कई नगर पालिका में भ्रष्टाचार एवं अन्य मामलों की जांच में घिरे सीएमओ नितिन विजवे को सीएमओ बनाने के लिए विधायक ने नोटशीट नगरीय प्रशासन को भेजी है। बताया जाता है कि नगर पालिका के सीएमओ सीके मेश्राम 30 जून को सेवानिवृत होने के बाद अभी तक सीएमओ की पोस्टिंग नहीं हुई है। नपा सारनी में प्रभारी सीएमओ हितेश शाक्य को बनाया गया है। प्रभारी सीएमओ शाक्य के पास वित्तीय अधिकार नहीं है, केवल कामकाज के लिए बना दिया है। गौरतलब है कि विधायक ने नपा सीएमओ के लिए नितिन के नाम की नोट शीट दी है, जिन पर जांच चल रही है। वैसे नगर पालिका सारनी भ्रष्टाचार एवं कमीशनखोरी को लेकर चर्चा में बनी रहती है। बताया जाता है कि नपा सारनी में सीएमओ सीके मेश्राम ने करीबन सात साल तक जमे रहने का रिकार्ड बनाया है। नपा सीएमओ की की पोस्टिंग के लिए लाखो रुपयों की बोली लगती है। इसी वजह से कोई भी सीएमओ सारनी आना नहीं चाहता है. हालांकि प्रभारी सीएमओ शाक्य मुलताई, एवं अन्य नगर पालिका में प्रभारी सीएमओ रह चुके है।

एनसीसी गर्ल्स भर्ती में 65 कैडेट्स चयनित

बैतूल। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय जयवंती हॉक्सर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बैतूल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए एनसीसी (सीनियर डिवीजन गर्ल्स) भर्ती प्रक्रिया का पहला चरण शनिवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। भर्ती में प्रथम वर्ष की छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। निर्धारित शारीरिक एवं लिखित परीक्षा के आधार पर 65 छात्राओं का चयन किया गया है, जबकि अंतिम चयन सूची आवश्यक प्रशासनिक औपचारिकताओं के बाद जारी की जाएगी। भर्ती प्रक्रिया के तहत अभ्यर्थियों की 1200 मीटर दौड़ और ऊंचाई परीक्षण निर्धारित

मानकों के अनुसार आयोजित किया गया। शारीरिक परीक्षा में सफल छात्राओं की सामान्य ज्ञान, सामान्य गणित और सामान्य विज्ञान विषयों पर लिखित परीक्षा भी कराई गई। दोनों चरणों में प्रदर्शन के आधार पर योग्य एवं अनुशासित कैडेट्स का चयन किया गया। पूरी चयन प्रक्रिया 5 एमपी गर्ल्स बटालियन, नर्मदापुरम के नायक आदिल बट्ट एवं हवलदार संजय कुमार के मार्गदर्शन में पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न हुई। इस दौरान एनसीसी अधिकारी सीटीओ कृष्णा गौसर सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

चार साल से फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार

पाथाखेड़ा। चार वर्ष पुराने स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर सारनी पुलिस ने अपराधियों के विरुद्ध अपनी सक्रियता और सतर्कता का परिचय दिया है। थाना प्रभारी सारनी जयपाल इवनाती के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में चलाए जा रहे कांबिंग गश्त अभियान के दौरान पुलिस टीम ने मुखबिर से प्राप्त सटीक सूचना के आधार पर सुपर-डी क्षेत्र के पीछे घेराबंदी कर आरोपी मुकेश पिता गणेश कहार (24 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बैतूल के न्यायालय से भारतीय दंड संहिता की धारा 379 के प्रकरण आरसीटी नं. 264/22 में स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। वारंटी पिछले चार वर्षों से लगातार फरार चल रहा था और पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी। कांबिंग गश्त के दौरान जैसे ही आरोपी के क्षेत्र में होने की सूचना मिली, पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी की और बिना किसी व्यवधान के उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूर्ण कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। इस सफल कार्रवाई में प्रधान आरक्षक हीरालाल तिलकर, एवं आरक्षक जितेंद्र की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही।

बास्केटबाल के लिए चयनित हुए खिलाड़ी

मुलताई। नगर के पीएम श्री कन्या स्कूल में शनिवार को खेल पंचाग के अनुसार विकास खण्ड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारभं आज पीएम श्री कन्या शाला के प्राचार्य नरवरे एवं सेवानिवृत खेल शिक्षक महेश खत्री द्वारा किया गया।

विकास खण्ड खेलकूद प्रभारी कामना साबले ने बताया की उक्त प्रतियोगिता मे सांदीपनी स्कूल ,पीश्री कन्या शाला मुलताई,शासकीय नवीन हायर सेकेण्डरी मुलताई,वीआईपी स्कूल,न्यू कार्मल स्कूल,कोरोला स्कूल,सनराइज स्कूल ,शिशु विद्या बिहार स्कूल सहित अन्य संस्थाओ के अंडर 14 वर्ष 17 वर्ष एवं 19 वर्ष बाल,बालिकाओ ने भाग लिया । छात्रो को संबंधित करते हुए पी श्री कन्या स्कूल के प्राचार्य नरवरे ने बताया की हमारी संस्था मे पहली बार विकास खण्ड स्तरीय बास्केटबाल प्रतियोगिता आयोजित की हैऔर जिला स्तरीय प्रतियोगिता भी यही आयोजित होना है।खेलो से छात्रो मे अनुशासन की भावना जागती है।वहीं खेल शिक्षक महेश खत्री ने बताया की स्वस्थ शरीर मे ही स्वस्थ मस्तिक का विकास होता है। प्रतियोगिता आयोजन कराने मे शिक्षिका गीता गायकवाड,स्वाती कंडारी,मीठू बराई, शिक्षक महेश चौकीकर, राजेश चौहान, अमित कुमार, सचिन कुमार सहित अन्य शिक्षको ने सहयोग प्रदान किया प्रतियोगिता में 17 वर्ष आयु वर्ग बालिका में तनु गडेकर,भारती कनेरे, हिमांशी पवार,मुस्कान बुवाडे, दिव्याकां बागडे,चारवी हजारे, योग्यता बुवाडे,मुस्कान पवार, इशा भावसार, जयश्री हिगवे, मुस्कान साहू ,चेताली, 19 वर्ष आयु वर्ग बालिका में काम्या लोखंडे, शरवनी भारती,अदिती भार्गव, जानवी साहू, याचिका सोनी, नन्दनी साहू, नंदिनी राजपूत, प्रियंका पवार,जुगनी पवार,पिहू पवार,अनन्या पवार का चयन हुआ।

योगी खंडेलवाल सीएआईटी मध्यप्रदेश के प्रदेश महासचिव नियुक्त

बैतूल। नई दिल्ली में आयोजित कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के युवा व्यापारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता योगी राजीव खंडेलवाल को सीएआईटी, मध्यप्रदेश का प्रदेश महासचिव नियुक्त किए जाने की घोषणा की गई। यह घोषणा सीएआईटी के राष्ट्रीय सचिव एवं सांसद प्रवीण खंडेलवाल की गरिमामयी उपस्थिति में की गई। इस अवसर पर सीएआईटी मध्यप्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने योगी राजीव खंडेलवाल को नई जिम्मेदारी के

लिए बधाई देते सफल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर अपनी नियुक्ति पर योगी खंडेलवाल ने संगठन के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते कहा कि वे मध्यप्रदेश के व्यापारी वर्ग के हितों की रक्षा, उनके समक्ष आने वाली समस्याओं के समाधान तथा संगठन के विस्तार हेतु पूर्ण निष्ठा, समर्पण व सक्रियता के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि सीएआईटी देशभर के व्यापारियों की सबसे सशक्त आवाज़ है और संगठन के माध्यम से प्रदेश के व्यापारियों को राष्ट्रीय स्तर की नीतियों, योजनाओं एवं व्यापारिक अवसरों से जोडने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। साथ ही छोटे एवं मध्यम व्यापारियों को सशक्त बनाने तथा वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के अभियान को गति देने हेतु संगठनात्मक गतिविधियों का व्यापक विस्तार किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेशभर से उपस्थित संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं व्यापारिक प्रतिनिधियों ने योगी राजीव खंडेलवाल को नई जिम्मेदारी हेतु शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

एकजुटता को भी कायम रखना होगा : बालापुरे

सारनी। मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की सारनी ब्लॉक इकाई की बैठक हुई. बैठक महिला प्रकोष्ठ की प्रांतीय संयुक्त सचिव गौरी बालापुरे (पदम), नर्मदापुरम संभागीय अध्यक्ष अब्दुल रहमान, जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह और जिला महासचिव बबलू चड्ढा की गरिमामयी उपस्थिति एवं अध्यक्षता में सफलतापूर्वक संपन्न हुई।बैठक में क्षेत्र के पत्रकारों के हितों, सुरक्षा और संगठन के विस्तार को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने पत्रकारों को एकजुट रहने और निष्पक्ष पत्रकारिता के सिद्धांतों का पालन करने पर जोर दिया।गौरी बालापुरे (प्रांतीय संयुक्त सचिव, महिला प्रकोष्ठ) ने कहा कि पत्रकारिता समाज का दर्पण है और इसमें महिला पत्रकारों की

भागीदारी संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करती है। पत्रकारों के अधिकारों और उनकी सुरक्षा के लिए श्रमजीवी पत्रकार संघ हमेशा तत्पर रहा है। हमें अपनी कलम की ताकत के साथ-साथ अपनी एकजुटता को भी कायम रखना होगा। जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह ने पत्रकारों की समस्याओं और संगठन की रीढ़ पर बात करते हुए कहा कि पत्रकार साथियों को मैदानी स्तर पर काम करते समय कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। श्रमजीवी पत्रकार संघ अपने हर साथी के साथ हर परिस्थिति में चट्टान की तरह खड़ा है। संभागीय अध्यक्ष अब्दुल रहमान ने मार्गदर्शन देते हुए कहा कि संगठन की असली ताकत उसकी ब्लॉक और स्थानीय इकाइयों में होती है। पत्रकारिता के गिरते स्तर और पत्रकारों पर हो रहे कुठाराघात के खिलाफ संघ हमेशा मुखर रहा है।

करियर काउंसलिंग से विद्यार्थियों को मिली नई उड़ान

बैतूल। शिक्षा के क्षेत्र में 25 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पूरी कर रहे श्री विनायकम् स्कूल में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के लिए विद्यालय के विशेष प्रकल्प - उड़ान...सपनों की- के तहत भव्य करियर मार्गदर्शन एवं काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता देश के प्रतिष्ठित करियर काउंसलर, एनएलपी ट्रेनर एवं लेखक डॉ. चेतन रायकवार ने सफलता को अंकों तक सीमित न मानते हुए स्वयं की पहचान, सही दिशा, स्पष्ट लक्ष्य, निरंतर सीखने और आत्मविश्वास को सफलता का आधार बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को असफलताओं से सीख लेकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी तथा अभिभावकों को बच्चों की रुचि, क्षमता और प्रतिभा के अनुरूप सहयोग देने का संदेश दिया। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि यह वैज्ञानिक एवं मनोवैज्ञानिक तकनीकों पर आधारित इंटरैक्टिव कार्यशाला थी। इसमें एनएलपी, माइंड मैपिंग, लक्ष्य निर्धारण, निर्णय निर्माण, ब्रेन एक्टिवेशन, कम्युनिकेशन स्किल्स, सेल्फ-अवेयरनेस, पर्सनैलिटी एनालिसिस और समस्या समाधान जैसी आधुनिक तकनीकों के माध्यम से विद्यार्थियों को उनकी क्षमताओं, रुचियों और व्यक्तित्व को समझने का अवसर मिला। विभिन्न गतिविधियों और अभ्यासों के जरिए उन्हें सकारात्मक सोच, सही निर्णय क्षमता और भविष्य को लेकर स्पष्टता विकसित करने में मदद मिली।

वेकोलि-प्लांट के अधिकारियों की बैठक संपन्न

पाथाखेड़ा। क्षेत्रीय महाप्रबंधक ने सतपुड़ा ताप विद्युत गृह में की उच्चस्तरीय बैठक संपन्न हुई। पाथाखेड़ा में आगामी मानसून एवं विद्युत उत्पादन की बढ़ती आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए वेकोलि पाथाखेड़ा क्षेत्र ने कोयला संप्रेषण बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। क्षेत्रीय महाप्रबंधक जितेंद्र कुमार गुप्ता के नेतृत्व में सुरक्षित उत्पादन, उत्कृष्ट गुणवत्ता एवं अधिकतम कोयला आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में 31 जुलाई 2026 को क्षेत्रीय महाप्रबंधक जितेंद्र कुमार गुप्ता ने मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के सतपुड़ा ताप विद्युत गृह (एसटीपीएस), सारनी पहुंचकर मुख्य अभियंता

(उत्पादन) सुशील कुमार लिल्हारे एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक की।

बैठक में महाप्रबंधक (संचालक) आर.के. प्रसाद तथा क्षेत्रीय विक्रय प्रबंधक मनोज चौरसिया भी उपस्थित रहे।बैठक के दौरान गुप्ता ने अगस्त एवं सितंबर माह के दौरान कोल-स्टॉक का पूर्ण लिक्विडेशन सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने बताया कि वेकोलि द्वारा विशेष कोल-स्टॉक लिक्विडेशन अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत अधिक से अधिक ट्रकों एवं ट्रिपल वाहनों के माध्यम से कोयले की ढुलाई बढ़ाकर निर्बाध एवं समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने एसटीपीएस प्रबंधन से भी इस अभियान में सक्रिय सहयोग देने का आग्रह किया।